हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–54 : जौनपुर, बुधवार 19 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने किया अयोध्या में दीपोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण

अयोध्या ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दीपोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को अयोध्या पहुंचे। सरयू तट बनाए गए अस्थाई हेलीपैड पर उनका स्वागत प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जय वीर सिंह, सांसद लल्लू सिंह, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक वेद प्रकाश गुप्त आदि जनप्रतिनिधियों सहित जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र आदि ने किया। हेलीकॉप्टर से उतरते ही मुख्यमंत्री ने सलाहकार अवनीश अवस्थी, पर्यटन सचिव मुकेश मेश्राम, मंडलायुक्त नवदीप रिणवा, जिलाधिकारी नीतीश कुमार आदि के साथ राम कथा पार्क एवं राम पैड़ी परिसर का जायजा लिया तथा दीपोत्सव के उद्घाटन सत्र को ध्यान में रखकर मुक्त आकाशीय राम कथा पार्क में छाया करने की व्यवस्था का निर्देश दिया। 23 अक्टूबर को प्रस्तावित दीपोत्सव का आरंभ इसी राम कथा पार्क से होगा। असुरक्षित हो रहीं सुरक्षित जगहें भी– इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर लड़की को लोहिया पार्क बुलाया, दुष्कर्म, बड़ा सवाल– इतनी सुरक्षा के बीच कैसे हुई घटना यहां साकेत महाविद्यालय से राम कथा पर आधारित एक दर्जन से अधिक झांकियां शोभा यात्रा के रूप में करीब ढाई किलोमीटर की यात्रा कर पहुंचेंगी। तदुपरांत राम कथा पार्क में ही राम राज्याभिषेक के मंचन से दीपोत्सव के छठे संस्करण का लोकार्पण होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे। दीपोत्सव का मुख्य आयोजन दिन ढलने के साथ राम पैड़ी परिसर में



संयोजित है। इस बार अकेले राम पैड़ी परिसर में 15 लाख से अधिक दीप जलाए जाने हैं और उसी हिसाब से तैयारियां भी अत्यंत व्यापक है। मुख्यमंत्री ने राम कथा पार्क एवं राम की पैड़ी का निरीक्षण करने के बाद साकेत महाविद्यालय परिसर की ओर रुख किया। 23 अक्टूबर को इसी महाविद्यालय परिसर में प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरेगा तथा यहीं से दीपोत्सव का उद्घोष मध्यान्ह शोभा यात्राओं के प्रस्थान से होगा। इन महत्वपूर्ण आयोजनों को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री ने साकेत महाविद्यालय परिसर का विस्तृत जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने रामलला का दर्शन भी किया और मंदिर निर्माण का अवलोकन करने के साथ दीपोत्सव की दृष्टि से भी राम जन्मभूमि परिसर में तैयारियों की समीक्षा की। दीपोत्सव के अवसर पर राम जन्मभूमि परिसर में एक लाख दीप जलाए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। वापसी की उड़ान भरने से पूर्व मुख्यमंत्री ने रामकथा संग्रहालय में शीर्ष अधिकारियों के साथ दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक भी की।

## निर्वाचक नामावली का समय सारणी के अनुसार पुनरीक्षण कराये जाने का दिया गया निर्देश

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (निगरीय निकाय) रामप्रकाश ने सर्व साधारण को अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ की अधिसूचना द्वारा नगरीय निकायो की निर्वाचक नामावली का समय सारणी के अनुसार पुनरीक्षण कराये जाने का निर्देश दिया गया है। ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 31 अक्टूबर 2022, ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करना 01 नवम्बर, 2022 से 07 नवम्बर 2022 तक, दावे और आपत्तियों का निस्तारण 08 नवम्बर, 2022 से 12 नवम्बर 2022 तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही 14 नवम्बर, 2022 से 17 नवम्बर 2022 तक, अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन 18 नवम्बर 2022 तक किया जाना है। मतदाता अपना नाम सम्मिलित किये जाने हेतु 01 नवम्बर 2022 से 04 नवम्बर 2022 तक की अवधि में आयोग की वेबसाइट http%//sec.up.nic.in पर भी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करायी जाएगी।

## तीन दिन से लापता ट्रेनी ब्यूटीशियन का झाड़ी में मिला शव : परिजनों में कोहराम

आजमगढ़ ब्यूरो : यूपी के आजमगढ़ जिले के भदेवा मझौली गांव निवासी ट्रेनी ब्यूटीशियन का शव बुधवार दोपहर गांव स्थित एक झाड़ी से बरामद हुआ। युवती तीन दिन से लापता थी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। इधर, चार दिन से लापता युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। अतरौलिया थाना क्षेत्र के भदेवा मझौली गांव निवासी मनीषा (22) पुत्र मूलचंद ब्यूटीशियन का कोर्स कर रही थी। वह प्रतिदिन मदियापार बाजार स्थित एक ब्यूटी पार्लर जाती थी। बीते 15 अक्तूबर को भी वह घर से ब्यूटी पार्लर जाने की बात कह कर निकली और फिर घर नहीं लौटी। देर शाम तक मनीषा के घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। लापता होने के दो दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा परिजनों ने अपने स्तर से उसकी खोजबीन शुरू की। दो दिन की तलाश के बाद भी युवती के बारे में कोई सुराग नहीं मिला तो पिता मूलचंद ने 18 अक्तूबर को अतरौलिया थाने पर बेटी के गायब होने की तहरीर दी। तहरीर में उसने बताया कि मनीषा की गांव निवासी एक युवक से बातचीत होती थी। उस युवक से युवती के बारे



में पूछताछ की गई लेकिन उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बुधवार को भी मनीषा का भाई रवि अपने साथियों के साथ बहन की तलाश में जुटा था। इसी दौरान दोपहर बाद गांव के पास ही स्थित एक झाड़ी में रवि ने अपनी बहन का शव देखा। सूचना पुलिस को दी गई तो सीओ सिद्धार्थ तोमर, प्रशिक्षु आईपीएस गौरव कुमार, एसओ नदीम अहमद फरीदी, एसपी ग्रामीण राहुल रूसिया व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मनीषा तीन भाई व तीन बहन में पांचवें नंबर पर थी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भारतीय संस्कृति एवं शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस वी के महरोत्रा की स्मृति में मनाया गया वार्षिकोत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय संस्कृति एवं शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस वी के महरोत्रा की स्मृति में मनाया जाने वाला वार्षिकोत्सव, इस वर्ष भी भारतीय विद्या भवन 1. महिला महाविद्यालय में समारोहपूर्वक मनाया गया। जस्टिस एस यू खान ( सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ नवनिर्मित जस्टिस वी के महरोत्रा सेमिनार हाल के उद्घाटन एवं मुख्य अतिथियों के स्वागत से हुआ। मां सरस्वती एवं मेहरोत्रा सर की प्रतिमाओं के माल्यार्पण के बाद मानद सचिव विजय गोपाल ने स्वागत भाषण दिया। सरस्वती वंदना की मनभावन प्रस्तुति के बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका निवेदन ने वार्षिक रिपोर्ट रखी। वीडियो के माध्यम से महाविद्यालय की गौरवपूर्ण यात्रा के भावपूर्ण प्रदर्शन के उपरांत स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित नाटिका आजादी के मतवाले ने दर्शकों को देशप्रेम



से ओतप्रोत कर दिया। मेधावी छात्राओं एवं प्रतिष्ठित शिक्षिकाओं के सम्मान के पश्चात संयुक्त सचिव मालती त्यागी, रघुपति वाही, अध्यक्ष मनीष महरोत्रा, मुख्य अतिथि जस्टिस एस यू खान के वक्तव्यों ने सबका उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ संदीप बाजपेयी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दिवाली पर दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को भी मिलेगा बोनस : शासनादेश जारी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी दिवाली पर 1184 रुपये बोनस देगी। बशर्ते उन्हें 31 मार्च 2022 तक काम करते हुए तीन वर्ष पूरे हो गए हों और प्रतिवर्ष न्यूनतम 240 दिन काम किया हो। शासन ने मंगलवार को डीए में 4 फीसदी की वृद्धि और बोनस संबंधी आदेश जारी कर दिया। शासनादेश के अनुसार, राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकाय और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 6908 रुपये का बोनस दिया जाएगा। ऐसे कर्मचारी जिन्हें वर्ष 2021–22 में विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई या आपराधिक मुकदमे में दंड मिला होगा, उन्हें बोनस नहीं मिलेगा। सभी श्रेणी के कर्मचारियों को बोनस का 75 प्रतिशत हिस्सा उनके भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा और शेष 25 फीसदी का नकद भुगतान किया जाएगा। अगर कोई कर्मचारी भविष्य निधि खाते का सदस्य नहीं है तो उसे यह राशि एनएससी के रूप में दी जाएगी या उसके पीपीएफ अकाउंट में जमा किया जाएगा। इस तरह मिलेगा बढ़ा महंगाई भत्ता शासनादेश में कहा गया है कि प्रदेश के सभी पूर्णकालिक नियमित राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के नियमित व पूर्णकालिक कर्मचारियों व यूजीसी के वेतनमानों में कार्यरत पदधारकों को 1 जुलाई 2022 से महंगाई भत्ते (डीए) की मासिक दर 38 प्रतिशत होगी। 1 जुलाई से 30 सितंबर तक के एरियर का भुगतान अधिकारी व कर्मचारी के भविष्य निधि खाते में होगा। 1 अक्तूबर से देय राशि का भुगतान अक्तूबर के वेतन के साथ नकद किया जाएगा। एनपीएस (राष्ट्रीय पेंशन योजना) के दायरे में आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को देय महंगाई भत्ते की 1 जुलाई से 30 सितंबर तक की अवशेष राशि का 10 फीसदी हिस्सा कर्मचारियों के टियर–1 पेंशन खाते में जमा किया जाएगा। राज्य सरकार इस अवशेष राशि के 14 प्रतिशत के बराबर अंशदान टियर–1 खाते में जमा करेगी। शेष 90 फीसदी राशि नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) के रूप में दी जाएगी।

## फसल अवशेष प्रबंधन उपाय अपनाएं : खेत और पर्यावरण को नुकसान होने से बचाएं

जौनपुर सू.वि. : फसल अवशेष जलाने से नुकसान – फसल अवशेष को जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। खेत में केचुए मर जाते हैं। जमीन में लाभदायक जीवाणुओं की क्रियाशीलता कम हो जाती है। फसलों की पैदावार में कमी आती है। फायदा – खेत की जल धारण क्षमता बढ़ती है। खेत में मैं जीवांश की मात्रा बढ़ती है। खेत उपजाऊ बनता है। फसलों की उपज बढ़ती है। कृषि विभाग द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय गोष्ठी आयोजित की गई जहा किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि खेतों में फसल अवशेष जलाने से खेत की मिट्टी के साथ–साथ वातावरण पर भी दुष्प्रभाव पड़ते हैं। यथा – मृदा के तापमान में वृद्धि, मृदा की सतह का सख्त होना, मुख्य पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की उपलब्धता में कमी एवं अत्यधिक मात्रा में वायु प्रदूषण आदि जैसे नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं, इसलिए किसानों को फसल अवशेष खेतों में कदापि नहीं जलाने चाहिए बल्कि इनका उपयोग मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए करना चाहिए। यदि इन अवशेषों को सही ढंग से खेती में उपयोग करें तो इसके द्वारा हम पोषक तत्वों के एक बहुत बड़े अंश की पूर्ति कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने बताया कि रबी फसलों हेतु कृषि निवेशों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है, पराली प्रबंधन हेतु ग्रामपंचायत वार जागरूकता पैदा कर पराली को मृदा में ही खाद बनाए या गो–आश्रय में भेजने का प्रबंध करे। कृषि वैज्ञानिक डा0 सुरेश कुमार ने वेस्ट डी कंपोजर के बारे में विस्तृत



जानकारी उपलब्ध कराई साथ ही यह भी बताया कि 40 दिनों में कृषि अपशिष्ट, पशु अपशिष्ट, रसोई अपशिष्ट, शहर के अपशिष्ट जैसे सभी जैव अपघटन योग्य सामग्री को अपघटित कर अच्छी खाद का निर्माण कर देता है, परम्परागत विधियों से तुलना करे तो यह खाद बनाने की अब तक की सबसे तीव्र विधि है, जो जैविक खेती बढ़ावा देने हेतु सबसे महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है। कृषि वैज्ञानिक डा0 सुरेन्द्र प्रताप सोनकर ने सुपर सीडर से लाईन में गेहूँ की बुआई, उर्वरक प्रबंधन, जल प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण की जानकारी दी। कृषि बैज्ञानिक डा0 अमित कुमार ने पशुओं के रखरखाव की जानकारी दिया। गोष्ठी को जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने भी सम्बोधित किया। संचालन अपर जिला कृषि अधिकारी डा0 रमेश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा0 स्वाति पाहुजा, अमित कुमार तथा रजनीश सिंह, डा0 जयन्त सिंह, चंद्रशेन सिंह, अमित परिहार, हवलदार आदि प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। अन्त में आए हुए कृषकों का उप कृषि निदेशक जय प्रकाश ने आभार ज्ञापित किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए किया गया जागरूक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत "प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रबंधक श्री अवधेश सिंह, कार्यकारिणी समिति की सदस्या



मुन्नी देवी, निदेशक डॉ० अमित कुमार, प्राचार्य डॉ० बी०बी० सिंह एवं डी०एल०एड० विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्या डॉ० विजया आर० वर्मा की उपस्थिति में कराया गया। इस जागरूकता अभियान को महाविद्यालय से प्रारंभ कर पारा के जलालपुर रेलवे क्रासिंग से लेकर मर्दनखेड़ा, सूर्यनगर तक चलाया गया। इन क्षेत्रों के दुकानदारों, ग्राहकों और निवासियों को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया गया साथ ही इससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान एवं बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में बी०एड०, डी०एल०एड०, बी०एल०एड० आदि पाठ्यक्रम के लगभग 100 से अधिक प्रशिक्षु सम्मिलित हुए । यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी मनीषा पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इन शिक्षक–शिक्षिकाओं डॉ० शिवाकान्त श्रीवास्तव, अंजू सिंह, शालिनी पाण्डेय, अभिषेक वर्मा, शालिनी सिंह, डॉ० मंजेश कुमार, डॉ० माधव कुमार राय, शिल्पी विश्वकर्मा, जितेन्द्र कुमार मण्डल, पद्मा त्रिपाठी, एकता सिन्हा, वैशाली देवल सहित अन्य कार्यालय कर्मी कमलेश कुमार, ज्योति शर्मा, सुधीर त्रिपाठी एवं हर्षित कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## कम्पोजिट विद्यालय सलेमपुर के गुरुजी का पहाड़ा याद कराने का अंदाज वायरल

मऊ ब्यूरो : बचपन में जब आप स्कूल जाते थे तो अक्षर ज्ञान और पहाड़ा सबसे पहले सीखा होगा। पहाड़ा तो स्कूल की प्रार्थना सभा के तुरंत बाद सुनाने को भी बोला जाता होगा। तब याद करना कठिन भी लगता



था। लेकिन आज सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बच्चे बड़ी आसानी से पहाड़ा याद कर रहे हैं। उनके चेहरे पर कोई शिकन ना होकर खुशी दिख रही है। जी हां, मऊ के कम्पोजिट विद्यालय सलेमपुर, देवलास का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें स्कूल के गुरुजी बच्चों को पहाड़ा याद करवा रहे हैं। वो भी गाते और झूमते हुए। गुरुजी का पहाड़ा याद कराने का ये अंदाज वायरल हो गया है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो ने धूम मचा दिया है। गुरुजी जैसे–जैसे पहाड़ा बोल रहे हैं बच्चे भी उनकी तरह लय और सुर ताल के साथ पहाड़ा सुना रहे हैं। ये देखकर आपके मन में भी ये बात जरूर आई होगी कि काश हमें भी ऐसे ही पहाड़ा याद करवाया होता।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

प्रसन्न व्यक्ति वह है जो निरन्तर स्वयं का मूल्यांकन एवं सुधार करता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व के समग्र विकास की शैक्षणिक रणनीति

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा ने कहा था– किसी शिक्षित चरित्रहीन व्यक्ति की अपेक्षा एक अशिक्षित चरित्रवान व्यक्ति समाज के लिए अधिक उपयोगी होता है। तात्पर्य यह है कि जीवन के समस्त गुणों, ऐश्वर्यों, समृद्धियों और वैभवों की आधारशिला सदाचार है, सच्चरित्रता है।

शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की रीढ़ होती है जिसके आधार पर उस समाज और राष्ट्र का चहुंमुखी विकास आकार पाता है। समय के साथ होने वाले शाश्वत परिवर्तन आवश्यकता महसूस कराते हैं कि शिक्षा में भी परिवर्तन लाया जाए। इन्हीं परिवर्तनों के चलते 1986 की शिक्षा नीति में सुधार करने के लिए हमारे देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लाई गई। इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को लक्षित किया गया है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की संरचना के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधारभूत सिद्धांत में एक दृष्टि छिपी है जो इसे पूर्व की सभी शिक्षा नीतियों से विशिष्ट बनाती है।

शिक्षा का शाब्दिक अर्थ होता है सीखने एवं सिखाने की क्रिया, परंतु अगर इसके व्यापक अर्थ को देखें तो शिक्षा किसी भी समाज में निरंतर चलने वाली सामाजिक प्रक्रिया है जो उद्देश्यपूर्ण होती है और इसके माध्यम से मनुष्य की आंतरिक शक्तियों का विकास तथा व्यवहार को परिष्कृत किया जाता है। शिक्षा द्वारा ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाया जाता है।

गांधी जी का मत था कि बालक और मनुष्य के शरीर, मन तथा आत्मा का सर्वांगीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास ही शिक्षा है। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद का कहना था कि मनुष्य की अंर्तनिहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है।

सच्चरित्रता मनुष्यों के विकास के आवश्यक

चरित्र का मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व है। सच्चरित्रता से मनुष्य को अनेक लाभ मिलते हैं क्योंकि सच्चरित्रता किसी खास गुण का बोधक शब्द नहीं है, बल्कि यह सत्य, उदारता, विनम्रता, सुशीलता, सहानुभूति आदि अनेक गुणों को अपनी परिधि में समेटे हुए है। जिस मनुष्य में ये गुण होते हैं वह मनुष्य सच्चरित्र कहलाता है और सद्चरित्रता ही मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है।

चरित्र हमारे व्यवहार और कार्यों में स्पष्ट तौर पर दिखाई देता है। ये चरित्र ही है जो निःस्वार्थ भाव, ईमानदारी, धारणा, साहस, वफादारी और आदर जैसे गुणों के मिले–जुले रूप में व्यक्ति में दिखता है। चरित्रवान व्यक्ति में आत्मबल के साथ–साथ उच्चकोटि का धैर्य एवं विवेक निश्चित रूप से होता ही है।

हमारे जीवन में चरित्र के महत्त्व को संदर्भित करते हुए भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ। शंकर दयाल शर्मा ने कहा था–

किसी शिक्षित चरित्रहीन व्यक्ति की अपेक्षा एक अशिक्षित चरित्रवान व्यक्ति समाज के लिए अधिक उपयोगी होता है।" तात्पर्य यह है कि जीवन के समस्त गुणों, ऐश्वर्यों, समृद्धियों और वैभवों की आधारशिला सदाचार है, सच्चरित्रता है। वैदिक मंत्रों में हमारे ऋषियों ने इसीलिए भगवान से प्रार्थना की है–

"असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मा अमृत गमय।" क्योंकि विद्या से मनुष्य की बुद्धि के गवाक्ष खुलते हैं और उन गवाक्षों से ज्ञान के प्रकाश की किरणें अन्दर प्रवेश करती हैं।

पश्चिम से प्रभावित जीवनशैली, तकनीकी के दायरे में सिमटती हुई दुनिया, वास्तविक जीवन के बजाय काल्पनिक जीवन और इंटरनेट मीडिया का बढ़ता वर्चस्व, शारीरिक और श्रमपरक खेलकूद की जगह गैजेट गेम्स में उलझते जीवन, बढ़ते एकाकीपन ने देश के युवाओं को एक खतरनाक गिरफ्त में लेना शुरू किया है। इसका दुष्परिणाम है ऐसे असंतुलित व्यक्तित्व का निर्माण, जो स्वयं उनके लिए ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश के लिए भी अनुत्पादक और खतरनाक साबित हो रहा है।

शिक्षा के धरातल पर इन्हीं से निपटने के लिए एक सुचिंतित, सुविचारित और दूरगामी प्रयास है मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम। देश भर के विशेषज्ञों की सहायता से तैयार इन पाठ्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण करना है। व्यक्ति के आचरण, व्यवहार, शिक्षा, योग्यता, शालीनता, पहनावा, उदारता, त्याग, क्षमा, बौद्धिकता जैसे तत्वों को अपनाकर जो अपनी छवि को अन्य से अलग प्रस्तुत करता है इसे ही व्यक्तित्व विकास कहा जाता है।

सद्विचारों और सत्कर्मों की एकरूपता है चरित्र

जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में यदि आप किसी को भी प्रभावित करना चाहते है तो आपको बेहतर प्रदर्शन करना होगा इसके लिए आपको किसी को भी आकर्षित करने की कला आनी चाहिए। यह तभी संभव है जब आप के अन्दर श्रेष्ठ गुणों का समावेश हो। यह श्रेष्ठ गुण हैं संतुलित एवं सुन्दर शरीर, उत्तम विचार और आत्मविश्वास।

सद्विचारों और सत्कर्मों की एकरूपता ही चरित्र है। 'चरित्र' शब्द मनुष्य के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को प्रकट करता है। 'अपने को पहचानो' शब्द का वही अर्थ है जो 'अपने चरित्र को पहचानो' का है। हमारा चरित्र ही हमारे आध्यात्मिक विकास का आईना होता है, जो हमें आध्यात्म से जोड़कर आंतरिक ज्ञान से अवगत कराता है। चरित्र एवं व्यक्तित्व एक दूसरे के पूरक हैं। व्यक्ति का संपूर्ण स्वभाव अथवा चरित्र ही व्यक्तित्व कहलाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का एक प्रमुख लक्ष्य विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण भी है, ताकि विद्यार्थियों के जीवन के सभी पक्षों और क्षमताओं का संतुलित विकास हो सके। भारतीय चिंतन परंपरा में चरित्र निर्माण और समग्र व्यक्तित्व विकास शिक्षा का महत्वपूर्ण लक्ष्य माना जाता है। वर्तमान युग में चरित्र निर्माण और समग्र व्यक्तित्व विकास की जरूरत और बढ़ जाती है। इस नीति का उद्देश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है जो विचारों से, कार्य व्यवहार से एवं बौद्धिकता से भारतीय बनें। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा के अलग–अलग स्तरों पर सभी विषयों में भारतीय ज्ञान परंपरा, कला, संस्कृति एवं मूल्यों का समावेश करने की बात कही गई है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## भाजपा ने पसमांदा मुस्लिम समाज को साथ लाने हेतु शुरू किया महाअभियान –मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : 2024 –लोकसभा चुनावों तथा उससे पूर्व जम्मू कश्मीर सहित कई राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम शुरू का दिया है। इसी कड़ी में जब हैदराबाद में आयोजित भाजपा अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पसमांदा मुस्लिम समाज की चर्चा की और स्नेह यात्रा निकालने की बात कही तब से भाजपा और पसमांदा मुस्लिम समाज के संबधों की चर्चा जोर पकड़ रही है। पसमांदा समाज को अपनी ओर मोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश भाजपा ने भी अपना अभियान तेज कर दिया है। भाजपा के रणनीतिकारों का मानना है कि 2022 के विधानसभा चुनावों और उसके बाद आजमगढ़ और रामपुर जहां 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी रहती है वहां पर पसमांदा मुस्लिम समाज के 8 प्रतिशत लोगों ने भाजपा को अपना मत दिया जिसकी वजह से सफलता मिली है अब उसी फीडबैक के आधार पर भाजपा ने अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। आंकड़ों के अनुसार भाजपा के रणनीतिकारों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास की योजनाओं का सर्वाधिक लाभ मुस्लिम समाज को ही मिला है। कोरोना कालखंड में फ्री राशन योजना का 80 प्रतिशत , सब्सिडी वाला राशन से 51 प्रतिशत सहित स्वास्थ्य बीमा ,खाते में पैसा डालने की योजना का लाभ सहित पसमांदा मुस्लिम समाज को सरकार की घर बनाने में मदद, लड़कियों की शादीमें मदद तो मिल ही रही है वहीं रोजगार और कौशल विकास योजना में भी पसमांदा मुस्लिम समाज के लोगां को लाभ मिला है। वहीं उज्वला योजना जैसी योजनाओं का लाभ भी पसमांदा मुस्लिम समाज के लोगों को मिल रहा है। अब भाजपा पसमांदा मुस्लिम समाज के 4 करोड़ से अधिक लाभार्थियों के बल पर समाज में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए आगे बढ़ रही है और इस कड़ी में कई बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित कर रही है जिसमें पहला सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया गया। लखनऊ पसमांदा मुस्लिम समाज के सम्मेलन को देखकर ऐसा लगा कि विकास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब सभी का विश्वास भी जीतने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। भाजपा आगामी निकाय चुनावों में मुस्लिम बहुल इलाकों में पसमांदा मुस्लिम समाज के लोगों को अधिक से अधिक टिकट देने पर भी विचार कर रही है। लखनऊ में आयोजित सम्मेलन में कई ऐसे चयेहरे थे जो आगामी चुनावों में टिकट के प्रबल दावेदार भी थे। लखनऊ में आयोजित पसमांदा बुद्धिजीवी सम्मेलन में गले में भगवा गमछा और सिर पर भगवा टोपी पहने पिछड़ा वर्ग के मुस्लिम समाज के लोग दोनों हाथ ऊपर उठाकर भारत माता की जय और वंदेमातरम के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। सम्मेलन में पधारे पसमांदा मुस्लिम समाज के सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिना भेदभाव योजनाओ को लाभ दिये जाने से प्रसन्न दिखाई पड़े। रामपुर से आए हाफिज लियाकत भाजपा के टिकट पर ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। रामपुर से ही मोहम्मद रफी का कहना है कि रामपुर, आजमगढ़ लोकसभा चुनावों में भाजपा को मिली जीत प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की तपस्या का प्रतिफल है। मुस्लिम समाज के सभी लोगों का मत था कि हम लोगों ने सभी दलों को देख लिया है जिन्होंने सिर्फ मुसलमानों को अपना वोटबैंक ही बनाया और काम निकलते ही भूल गये। सिर्फ चुनावों में ही मुसलमानों को दूसरे दल याद करते हैं। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो बिना किसी भेदभाव के मुसलमानों को मुफ्त राशन, उज्वला योजना मुफ्त शौचालय आदि का लाभ दे रहे हैं। रामपुर से आए मुस्लिम नेताओं का कहना था कि आगामी 2024 में भी रामपुर व आजमगढ़ जैसी सीटों पर कमल ही खिलेगा। बरेली से आए अमीर अहमद का कहना था कि बेवजह मुसलमानों को भाजपा का खौफ दिखाया जाता है। साढ़े सात साल से केंद्र और साढे पांच वर्ष से यूपी में भाजपा की सरकार है किस मुसलमान के साथ ज्यादती हुई ।कांग्रेस, सपा, बसपा सहित अन्य सभी दल केवल मुसलमानों को डराती हैं। इसी प्रकार मोहम्मद तारिक व महमूद खान ने कहा कि भाजपा बेहिचक मुसलमानों आगामी चुनावों में अपना प्रत्याशी बनाए। बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए जम्मू कश्मीर से राज्यसभा सांसद गुलाम अली खटाना ने सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह कही कि सिर्फ एक परिवार को जम्मू कश्मीर का प्रिंस बनाने के लिए अनुच्छेद 370 लागू किया गया। पिछड़े मुसलमान आवाज न उठा सकें इसलिए कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में दे दिया गया। केंद्र की भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाकर बड़ा काम किया है। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर में नौ सीटें पसमांदा समाज के लोगों के लिए आरक्षित की गई हैं। अब पंचायत चुनाव में भी ओबीसी मुस्लिमों को आरक्षण देने की तैयारी है। अगर कोई यह कहे कि इस्लाम व मुसलमान खतरे में है तो इसे सिर्फ बकवास समझकर नजरअंदाज करना होगा। राज्यसभा सदस्य का मत है कि विरोधी दलों ने मुस्लिम समाज को अपने जलसे में सिर्फ सजावटी समान बनाकर दिखाया। वोट लिया और उन्हें भूल गये। सम्मेलन को उप्र के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व अल्पसंख्क कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने भी संबोधित किया जिसमें सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष –2022 के विधानसभा चुनाव में पसमांदा समाज ने भाजपा को वोट देकर मजबूत किया और पार्टी ने उन्हें मंत्री बनाया। अब आगे निकायचुनावों में भी बड़ी जिम्मेदारी है जिसमें पिछड़े मुसलमानों को पार्टी बढ़ी संख्या में टिकट देगी। पसमांदा मुसलमान भाजपा की रणनीति में हमेशा रहे हैं लेकिन अब भाजपा नेतृत्व की उन पर विशेष नजर है। आंकड़ों के हिसाब से यह वोट बैंक लोकसभा की सौ से अधिक सीटो पर अपना प्रभाव रखता है। उप्र की 80 मे से लगभग 30 संसदीय सीटों पर पसमांदा मुस्लिम समाज का सीधा प्रभाव पड़ता है। भाजपा ने साढ़े चार करोड़ से अधिक पसमांदा मुस्लिम समाज के वोट बैंक को अपने पक्ष में सुनिष्चित करने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की है जिसमें केंद्र व राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समुदाय के निचले पायदान तक पहुंचाया जाएगा तथा उनके साथ सीधा संवाद भी स्थापित किया जाएगा। जिन जगहों पर पार्टी बहुमत में हैं वहां पर पार्टी इकाइयों में जगह दी जाएगी। भाजपा ने पसमांदा समुदाय से आने वाले आने वाले परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को सम्मानित करने और उनकी जयंती पर समारोह आयोजित करने की भी योजना बनाई है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के यूपी अध्यक्ष वसीम राईन का कहना है कि आजादी के बाद पीएम मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने पसमांदा समाज के लिए बहुत कुछ बोला है। निर्णायक भूमिका वाले पसमांदा समाज में में अंसारी, सैफी, मलिक, कुरैशी, राइनी, तुर्क, फारूकी और मंसूरी शामिल हैं। प्रदेश की 30 लोकसभा सीटों पर पसमांदा समाज निर्णायक भूमिका अदा करता है। सहारनपुर में डेढ़ लाख, मेरठ में एक लाख तीस हजार, गाजियाबाद में 80 हजार, मुरादाबाद में 90 हजार, रामपुर और अमरोहा में भी पसमांदा मुस्लिम समाज का वोट बैंक अच्छा खासा है। यही कारण है कि अब भाजपा ने अतिपिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज को अपने साथ लाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। यही कारण है कि पसमांदा मुस्लिम समाज को रिझाने के लिए उप्र में उच्च जाति के मुस्लिम मंत्री मोहसिन रजा को हटाकर पसमांदा समाज के दानिश आजाद अंसारी को मंत्री बनाया गया है । पसमांदा मुस्लिम समाज के नेताओं की सरकार से सबसे बड़ी मांग यह रही है कि उन्हें भी एससी में शामिल किया जाए और आरक्षण की सुविधाओं का लाभ दिया जाये। सच्चर कमेटी भी दलित पसमांदा को एससी में शामिल करने का सुझाव दिया था। भाजपा ने जिस प्रकार से पसमांदा मुस्लिम समाज की ओर ध्यान देना शुरू किया है उससे प्रतीत हो रहा है कि आगामी समय में भाजपा उनकी यह मांग भी पूरी कर चुनावी रणनीतिकारों को हैरान कर सकती हैं अगर भाजपा सरकार ने दलित व अतिपपिछडे पसमांदा समाज को आरक्षण का लाभ दे दिया तब उसका देश की 190 लोकसभा सीटो पर असर पड़ सकता है वैसे भी आज का भाजपा नेतृत्व अपनी रणनीति को अंतिम रूप देते समय कई बार चौंका भी चुका हैं। उप्र के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का कहना है कि कांग्रेस व सपा जैसे दलों ने मुसलमानों को गुमराह किया लेकिन विकास नहीं किया। अलीगढ़ में एक बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये जरूरी नहीं कि मुस्लिम संघ से जुड़ने के लिए जयश्रीराम बोलें मगर वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर संगठन के लिए काम करें। भाजना व संघ का मुस्लिमों को अपने साथ जोड़ने के अभियान का असर इससे समझा जा सकता है कि अभी जब पीएफआई जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा था उस समय कई मुस्लिम संगठनों ने कार्यवाही का समर्थन किया था जिसके कारण सेकुलर दलों की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की हवा निकल गई थी और प्रदेश में मदरसों के सर्वे को लेकर मुस्लिम कट्टरपंथियों की भड़काऊ साजिशे बेकार हो गई।

## मंदिरों के पास न लगे गलत खानपान की दुकानें व ठेले– मुकुल सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के एक भाजपा नेता ने अनोखी मांग की है। भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने मांग की है कि मंदिरों के पास मांस और अंडे की दुकानों को लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाए क्योकि ऐसा होने से उनकी भावनाएं आहत होती है। उन्होंने कहा है कि एक धर्म विशेष के लोगों के द्वारा चिन्हित करते हुए मंदिरों के आसपास ही चिकन मटन व अंडे की ठेले लगाने का काम किया जा रहा हैं जिससे साफ पता चलता है कि जानबूझकर बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को आहत किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया है कि नगर के सिनेमा चौराहा के निकट स्थित श्री हनुमान मंदिर से श्री मौनी बाबा मंदिर के बीच की दूरी करीब सौ से डेढ़ सौ मीटर की होगी लेकिन



इनके बीच में 3 से 4 दुकानें चिकन व मटन की लगी हुई है जिससे हमारी भावनाएं आहत हो रही है। भाजपा नेता मुकुल ने हरदोई जिला प्रशासन से माँग की है कि इन सभी दुकानों को मंदिर के पास से हटवाया जाए। इसके साथ ही श्री सिंह ने ऐसा करने वाले धर्म विशेष के लोगों से भी अपील की है कि वह मंदिरों के पास इन सब चीजों की दुकानें व ठेले न लगाएं।

## दीप यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु : गायत्री मंत्र से गुंजायमान हुआ गांव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ग्राम बखरिया में गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी की टोली ने सुबह गायत्री यज्ञ के साथ दीप यज्ञ संपन्न कराया। दीप यज्ञ मां गायत्री के मंत्रों से गुंजायमान रहा । 2100 दियों से रोशनी से गांव जगमगा उठा। दीप यज्ञ में महिलाओं की खासी भीड़ उमड़ी। मंच का संचालन कमल सिंह राठौर ने किया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर सर्व समाज के उज्जवल भविष्य की कामना की। गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी के टोली नायक संजय सिंह ने कहा कि अज्ञान के अंधकार को दूर करने के लिए ज्ञान के दीपक प्रज्जावलित करना होता है।दीपक ज्ञान का प्रतीक है। जब हम अपने अंतर्मन में ज्ञान के दीप प्रज्जावलित करते हैं तो हमारा घर, मन और आंगन आलोकित होता है। संसार और जीवन की सार्थकता इसी में है कि हम अपने घर मन और आंगन को सतत आलोकित रखें। बखरिया गायत्री परिवार के टोली नायक शत्रुघ्न सिंह कहा कि आत्मा कभी मरता नहीं हैं अपितू मनुष्य का शरीर मरता है। इसलिए हर अच्छा कर्म मनुष्य को करना चाहिए। ताकि आत्मा में बोझ ना रहे। मनुष्य



अपने कर्मों से जाना जाता है। कर्म अच्छा होगा तो सीधे ईश्वर का सानिध्य प्राप्त होगा। कहा कि गायत्री मंत्र हर बुराई पर जीत का नाम है। मनुष्य जब भी परोपकार की दिशा में कदम बढ़ाता हैं ईश्वर उसके साथ होता है। अपने कर्मों का फल चाहिए तो ईश्वर के बताए मार्ग पर चले। इस मौके पर जितेंद्र सिंह ,रक्षपाल सिंह ,रामू सिंह, बलराम सिंह,शिशुपाल सिंह, शिवकुमार सिंह, विश्वीर सिंह, सहित तमाम महिला और पुरुष मौजूद रहे।

## भाजपा नेता की संक्रमणीय भूमि पर दबंग भूमाफियाओं ने बाउंड्रीवाल गिरा कर कब्जा करने का किया कोशिश

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय शंकर शुक्ल ने मल्लावां कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गाटा संख्या 241६ 2 रकबा 0.228 हेक्टेयर ग्राम भगवंत नगर नगर पालिका परिषद जो कि संक्रमणीय भूमि है जो कि ज्योति प्रसाद व बाल विकास महिला संस्थान 03299 विशाल खंड गोमती नगर लखनऊ के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है समस्त भूखंड पर बनी इमारत व मंदिर अभय शंकर शुक्ला पुत्र स्वर्गीय हरिनंदन शुक्ला निवासी भगवंतनगर की देखरेख व कब्जे में है। बताते चलें 16 अक्टूबर को इंद्रपाल कनौजिया उर्फ अशोक पुत्र चंद्रिका प्रसाद निवासी गोवर्धनपुर, पियूष पुत्र रामौतार, बेबी पत्नी पीयूष निवासी मोहल्ला बालीगंज मल्लावां तथा पियूष का पुत्र एवं रमन द्विवेदी पुत्र सर्वेश द्विवेदी निवासी मोहल्ला भगवंत नगर कस्बा व थाना मल्लावां जनपद हरदोई अपने 15 –16 साथियों के साथ जेसीबी मशीन से उक्त भूखंड पर बनी दक्षिण दिशा की बाउंड्री वाल जबरिया गिरा दी तथा जमीन का समतलीकरण करके भूखंड पर कब्जा करने की कोशिश की। जब वह मौके पर पहुंचा एवं कब्जा



करने रोका तो दबंगों ने गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी दी। प्रार्थी एक भारतीय जनता पार्टी का सामाजिक कार्यकर्ता है उपरोक्त पेशेवर अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं भूमाफिया इन्द्रपाल उर्फ अशोक जिस पर लगभग एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे मल्लावां कोतवाली में दर्ज हैं गैगेस्टर की कार्यवाही मल्लावां पुलिस द्वारा की जा चुकी है मल्लावां कोतवाली में हिस्ट्रीशीटर भी है। जिससे उसे जान जमीन का खतरा है।वही प्रभारी निरीक्षक डी पी सिंह ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में उपरोक्त अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा लिखकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गांधी विनोबा विचार की दुनिया के लिए वाहक थी निर्मला दीदी –रमेश भैया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समाज में सकारात्मक कार्यों को लोगों के बीच में पहुंचा कर रचनात्मक काम को बढ़ाया जा सकता है। दीदी ने अनेक देशों में इसी प्रकार के कार्य कर रचनात्मक कार्यकर्ताओं को सम्मान दिलाया। दीदी ने अपने संसदीय कार्यकाल में गरीब निरीह वंचित भूमिहीन लोगों की आवाज को उठाया। उक्त विचार स्वर्गीय निर्मला देशपांडे की 93 वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जयप्रभा कुटीर पर संबोधित करते हुए विनोबा विचार प्रवाह के प्रमुख श्री रमेश भइया ने व्यक्त करते हुए कहा कि दीदी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा रोप किए गए सामाजिक पौधे अर्थात संस्थाएं खूब प्रगति कर रही हैं। उनके समाजसेवी कार्यों को सराहा जा रहा है। यह संस्थाएं देश दुनिया में स्थित हैं। दीदी ने बाबा विनोबा के साथ चालीस हजार किलोमीटर पैदल यात्रा कर भूदान के काम को बढ़ाया था। बिहार में दीदी को गांव गांव के लोग बहुत मानते थे। उनका नाम सुनकर हजारों की संख्या में इकट्ठे होते थे। देश में अनेक रचनात्मक कार्यकर्ताओं ने अपना जीवन गांधी विनोबा विचार को समर्पित किए था। समाज में रचनात्मक शक्ति को बढ़ावा देना दीदी का काम था। दीदी स्वयं पदम विभूषण से सम्मानित थी । उन्हें पाकिस्तान ने भी मरणोपरांत सितारे हिंद सम्मान से नवाजा था । विनोबा सेवा आश्रम की संरक्षक एवं जमनालाल बजाज पुरुस्कार से सम्मानित विमला बहन ने कहा



कि वे बहनों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए देखना चाहती थी। जब मुझे अमेरिका जाने का मौका मिला तो दीदी ने बहुत आशीर्वाद दिए। वह जिस देश में जाती थी वहां पर सर्वोदय की विचार गंगा बहने लगती । उन्होंने अपनी सम्पूर्ण शक्ति गांधी विनोबा के विचारों को जन जन तक पहुंचाने में लगाई थी। आज उनको स्मरण करते हुए तक बहनों में शक्ति का संचार हो रहा है। कार्यक्रम में छीतेपुर के सम्मानित हरवंश कुमार , अलीशेर, आदित्य प्रकाश , सभापति पाठक, देवेंद्र कुमार वीरा बहन ,रीना , के पी सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। सभा का संचालन बिशन कुमार ने किया।सभी का धन्यवाद दिनेश चंद्र सक्सेना ने दिया। स्वागत मुदित कुमार ने किया। सभी ने दीदी के चित्र पर माल्यार्पण किया ।और सर्वोदय के जयघोष लगाए। बुजुर्गों के लिए आज विशेष दिन मानकर उनका सम्मान किया गया।

## हिंदू पक्ष की मांग को लेकर 1991 की याचिका पर आज नहीं हो सकी सुनवाई : 3 नवंबर की तारीख मिली

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी मस्जिद प्रकरण में निगरानी याचिका पर बुधवार यानि आज सुवाई नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि जिला जज अवकाश पर थे जिस वजह से अदालत ने अगली तारीख 3 नवंबर की दे दी है। ये मामला भी हिंदू पक्ष की मांग को लेकर था। मामले पर पहले सुनवाई हो चुकी है अब आपत्ति आने के बाद कोर्ट ने दूसरे पक्ष को सुनने के लिए आज का समय दिया था। बता दें कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में पुरातात्विक सर्वेक्षण की मांग को लेकर



दाखिल याचिका पर सुनवाई होगी। ये याचिका 1991 में दाखिल की गई थी। अंजुमन इंतेजामिया कमेटी की तरफ से आपत्ति दाखिल की गई है। मस्जिद पक्ष की इसी आपत्ति पर अधिवक्ता आज अपना पक्ष कोर्ट के समक्ष रखेंगे।

## हाफिज रकीब का पांच दिन बाद भी नही मिला शव : समाज के ठेकेदार खामोश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली के प्रेमराजपूर पानदरीबा नाव घाट पर 15 अक्टूबर को नाव पर सवार हाफिज अब्दुल रकीब गोमती नदी में डूब गए । परंतु पांच दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक शव बरामद नहीं किया जा सका है । जिससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है , पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार शव को ढूंढने का प्रयास कर रही है किंतु शव नहीं मिल पा रहा है । पुलिस और परिजनों ने तैराकों की भी मदद ली है फिर भी सफलता नहीं मिल पा रही है। शव को ढूंढने के लिए हाफिज के परिजन कई टीम बनाकर नदी किनारे नजर बनाए हुए हैं लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। जानकारी के अनुसार लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कलीचाबाद गांव में जनाजे की नमाज पढ़ा कर नाव से घर आ रहे हाफिज नगर कोतवाली के प्रेम राजपुर पानदरीबा नाव घाट पर किसी कारण से नाव असंतुलित होकर गोमती नदी में पलट गई जिससे हाफिज अब्दुल रकीब गोमती नदी में डूब गए । सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस गोताखोरों की मदद से लाश को ढूंढने में जुट गई पर पांच दिनों के बाद भी अभी तक शव बरामद नही किया जा सका है । शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गोपालापुर शहरी निवासी हाफिज अब्दुल रकीब 40 वर्ष पुत्र अब्दुल जकी शनिवार दोपहर कलीचाबाद गांव में किसी की मौत हो गई थी उसी की नमाजे जनाजा पढ़ाने के लिए गए हुए थे वापस लौटते समय कलीचाबाद से प्रेमराजपुर



पानदरीबा दोनों घाटों के मध्य चलने वाली तार के सहारे नाव पर साइकिल लेकर सवार हो गए जब वह प्रेमराजपुर पान दरीबा घाट के करीब पहुंच रहे थे उसी समय किसी वजह से नाव असंतुलित हो गई और वो पानी में गिर गए , प्रत्यक्षदर्शियों ने जब यह खबर परिजनों को दी तो परिजनों में कोहराम मच गया हालांकि सूचना पर पुरानी बाजार चौकी प्रभारी आफताब आलम साथी जवानों को साथ लेकर घाट पर पहुंच गए और गोताखोरों की मदद से ढूंढने का प्रयास किया परंतु अभी तक गोताखोरों को कामयाबी नहीं मिली कामयाबी नहीं मिली। विदित हो की हाफिज अब्दुल रकीब काफी मिलनसार व्यक्ति थे शहर के गोपालापुर में अपने परिवार के साथ रहते थे , लोगो का कहना है की कोरोना काल में सैकड़ों मैय्यत का गुस्लो कफन किया पर आज हाफिज जी के परिवार का कोई पुरसाने हाल नही है , उनके चार बच्चे और पत्नी किसी तरह इस दुख की घड़ी में अपना गुजर बसर कर रही है , परंतु समाज के जिम्मेदारों ने अभी तक उनके परिजनों की कोई सुध नही ली।

## किसानों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

जौनपुर सू.वि. : प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों की समृद्धि के लिए सरकार द्वारा हर 4 माह पर रु0 2000 की सम्मान किस्तों में रु0 6000 वार्षिक आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है सोमवार को मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 12 वी किस्त जारी की गई।जनपद में उक्त योजना अंतर्गत कुल 735000 पात्र कृषक हैं जिसमें से भूलेख सत्यापन 600000 किसानों का हुआ था जिनकी 12 किस्त उनके खाते में पहुंच गई शेष 135000 किसानों के भूलेख का सत्यापन नहीं होने के कारण उनकी किस्त रुक गई है इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा किसानों की सहूलियत के लिए जनपद स्तर एवं विकास खंड स्तर पर भूलेख सत्यापन हेतु कंट्रोल रूम/हेल्प डेस्क स्थापित कराने का निर्देश दिया है के अनुपालन में जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में एवं उप कृषि निदेशक कार्यालय जौनपुर में तथा विकासखंड स्तर पर विकास खंड वार राजकीय बीज भंडारों पर स्थापित किया गया है जिन किसानों का पैसा नहीं गया है उनसे अपील की जाती है कि अपने राजकीय बीज भंडार पर अपनी खतौनी ले जाकर के भूलेख का सत्यापन करा ले ताकि उनका भी पैसा जल्द से जल्द उनके खाते में पहुंच जाए। जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में कन्ट्रोल रूम का नम्बर 9616616174, एवं उप कृषि निदेशक कार्यालय कन्ट्रोल रूम नं0 05452357656, 9839254936 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## मार्ग दुघर्टना में अध्यापक की मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बिलग्राम नगर स्थित सदर बाजार निवासी आशुतोष अग्निहोत्री उर्फ पवन बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक पद पर तैनात थे।जो विद्यालय से वापस कटरा बिल्हौर मार्ग पर सांडी थाना क्षेत्र से बाइक से लौट रहे थे।तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए।जिसके बाद गम्भीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया।जहां पर उनकी मौत हो गई। स्व0 अग्निहोत्री नगर स्थित श्रृंगी ऋषि



पब्लिक स्कूल के प्रबंधक भी थे इसके अतिरिक्त पत्रकारिता क्षेत्र में वह अपना योगदान दे रहे थे।मिलनसार खुशमिजाज स्वभाव के चलते समाज के सभी वर्गों को उनकी असमय व दुःखद मौत पर नगर गमगीन नजर आया।

## बचे हुए कर्मचारियों को भी दीपावली से पूर्व बोनस व डीए का भुगतान कराएं : इप्सेफ

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इप्सेफ ने प्रधानमंत्री जी को पत्र भेजकर मांग की है कि ऑटो नामस संस्था के कर्मचारियों को भी दीपावली से पूर्व बोनस व डीए का भुगतान कराएं। उत्तर प्रदेश सरकार की भाँति मध्य प्रदेश ,गुजरात ,हिमाचल ,हरियाणा ,आसाम आदि भाजपा शासित राज्यों के कर्मचारियों को भी 38% डी ए व दीपावली से पूर्व बोनस दिया जाए। इप्सेफ ने प्रधानमंत्री जी को पत्र भेजकर मांग की है कि भारत सरकार के ऑटोनॉमस संस्थानों के कर्मचारियों सहित भाजपा शासित राज्य के सार्वजनिक निगमों के कर्मचारियों को भी केंद्र की भांति 38% डीए व बोनस का भुगतान दीपावली से पूर्व कराएं। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों में कई बार प्रधानमंत्री जी से आग्रह किया जा चुका है। श्री बी पी मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री प्रेमचंद्र ने ऐसे राज्यों एवं ऑटोनॉमस कर्मचारियों से अपील की है कि पुरानी पेंशन की बहाली एवं भाजपा शासित सभी सरकारों द्वारा केंद्र सरकार की अपमान भेदभाव के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहें। बिना संघर्ष के कुछ हासिल होने वाला नहीं है।इप्सेफ की 30 अक्टूबर को बैठक बुलाई गई है। राष्ट्रीय सचिव अतुल मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी जी द्वारा डी ए व बोनस की घोषणा का स्वागत किया है।

## फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले चार हिरासत में : सरगना पुलिस की पकड़ से दूर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के बैंक व अन्य संस्थानों में गार्ड की नौकरी करने वाले चार लोगों को सेना में नौकरी के अनुभव के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाला गाजीपुर जनपद निवासी फरार सरगना की तलाश में जुटी हुई है। उक्त कार्यवाही सेना के इंटेलिजंस विभाग से मिले इनपुट के आधार पर की जा रही है। सेना व एसओजी की संयुक्त टीम जांच में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न संस्थानों व बैंक में सेना से सेवानिवृत्त हुए जवानो को प्राथमिकता के आधार पर गार्ड व अन्य नौकरियां दी जाती है। इस सुविधा का लाभ कुछ जालसाज सेना में सेवा देने के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर उठा रहे हैं। इस जालसाजी की जानकारी मंगलवार को सेना के इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट को हुई। इसके बाद सेना की एक टीम बनाकर पूरे मामले की जांच शुरू की। इस जांच के क्रम में शाहगंज पुलिस व एस ओजी टीम ने जालसाजों को हिरासत में लेना शुरू किया। हिरासत में लिया गया सरपतहां थाना क्षेत्र के बघरवारा गांव निवासी प्रमोद कुमार जो युनियन बैंक में गार्ड की नौकरी करता है। दूसरा विनोद कुमार आजमगढ़ गढ के फुलेश युनियन बैंक में गार्ड है। इसी तरह खुटहन निवासी रघुवीर व सरपतहां थाना क्षेत्र के बसौली गांव निवासी सुरेन्द्र प्रताप को हिरासत में लेकर कोतवाली पुलिस पूछताछ कर रही है। यह दोनों किस जगह नौकरी कर रहे हैं यह अभी तक जानकारी नही हुई है। फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर बेचने वाला सरगना गाजीपुर जनपद का निवासी बताया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर क्षेत्राधिकारी चोक सिंह मामले से अनभिज्ञता जता रहे हैं। वही एस ओजी प्रभारी आदेश कुमार त्यागी ने बताया की सेना के सेवानिवृत्त फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर बैंको में गार्ड की नौकरी व जालसाजी करने वाले चार लोगों को हिरासत में ले कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ने मिठाई की दुकान के लिए सैंपल : दुकान बंद करके भागे अन्य दुकानदार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय बरईपार बाजार में मंगलवार की देर शाम सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा देवाशीष उपाध्याय ने अपनी टीम के साथ मिठाई की दुकान पर छापा नमूना लिया। उनके बाजार में पहुंचते ही बाजार में अफरा–तफरी मच गई अन्य मिठाई के दुकानदार अपनी दुकान बंद करके भाग गए। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा देवाशीष उपाध्याय ने बताया कि बरईपार बाजार के रजनीश गुप्ता की दुकान से सैंपल उठाया गया है जिसको जांच में भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बरईपार के दुकानदारों नहीं कुछ दिन पूर्व शिकायत की थी कि बरईपार बाजार में नकली खाद्य पदार्थों से मिठाई बनाई जा रही है उसी आधार पर छापेमारी की गई है। दुकानदारो किया अभद्र व्यवहार छापेमारी के दौरान बाजार के कुछ लोग सहायक आयुक्त खाद्य को बुरा वाला भी कह रहे थे पूछने पर देवाशीष उपाध्याय ने बताया कुछ लोग अनावश्यक बातें कर रहे थे जिसकी शिकायत की गई है उनके ऊपर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि इस समय जिले में अभियान चल रहा है बाजार के अन्य दुकानों को जांच की गई साफ सफाई के निर्देश दिए गए है ।लोगों से अपील की अगर किसी खाद्य पदार्थ में मिलावट की सूचना मिलती है तो तत्काल अवगत कराएं उनके ऊपर कार्रवाई होगी। इस समय पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अभियान चलता रहेगा।

## दूर हुआ परशुराम का संसय : दर्शको ने किया जयघोष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आदर्श रामलीला धर्म मंडल उसरौली शहाबुद्दीनपुर के द्वारा मंगलवार की रात धनुषयज्ञ व परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। शिव धनुष टूटते ही माता सीता के द्वारा प्रभु का वरण करते ही दर्शक जयघोष करने लगे। वहीं धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने से दूर हुआ परशुराम का संसय देख दर्शक भक्ति रस में सराबोर हो गये। राजा जनक जी के दरबार में सीता स्वयंवर के लिए रखा गया धनुष जब किसी राजा से नहीं उठ सका तब स्वयं भगवान ने गुरु विश्वामित्र का आदेश लेकर शिव धनुष तोड़ दिया। दरबार में क्रोधित होकर पहुंचे परशुराम का रौद्र रूप देख सभी राजा सहम उठे। लक्ष्मण के तीखे शब्द उनके क्रोध में घी का काम करने लगा। परशुराम जैसे ही उन्हें मारने को अपना फरसा जानते हैं।वह खुद जड़वत हो जाते हैं। प्रभु की माया भलीभांति समझने के बाद भी उन्होंने संसय दूर करने के लिए अपना धनुष भगवान को देकर प्रत्यंचा चढ़ाने को कहा। प्रभु के द्वारा धनुष पर बाण चढ़ाते ही नेपथ्य से राम रमापति करधनु लेहू,खीचत चाप मिटत संदेहू, का सस्वर वाचन के साथ पट गिर जाता है। रामलीला का शुभारंभ भाजपा नेता श्रीकृष्ण पाण्डेय बड़कऊ व समाजसेवी गुड्डू सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पत्रकार बृजेश उपाध्याय,इंदिरापति पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, मंचला,सत्यम,आशीष शुक्ला,राजू, आदर्श आदि मौजूद रहे।

## डेंगू से चार लोगों की हुई मौत जिला प्रशासन की टूटी तंद्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में तेजी से पांव पसार रहे डेंगू मच्छरों के कारण लोग आए दिन मौत की आगोश में जा रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण लोग प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। डेंगू के मरीज पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा जौनपुर में सक्रिय हैं। डेंगू से हो रही मौतों के बाद जिला प्रशासन की तंद्रा टूटी तो आनन–फानन में महिला हॉस्पिटल में 100 बेड का डेंगू अस्पताल स्थापित किया जा रहा है। साथ ही इसके लिए नगरपालिका के अधिकारियों से मिलकर बैठक कर ज्यादा मात्रा में फागिंग और एंटी लारवा छिड़काव कराने की बात कही गई है। जनपद में बीते 15 दिनों से लगातार बढ़ रहे डेंगू के मरीज और मौत की आकड़ो पर गौर करें तो लगभग 1 दिन में ही डेंगू से 4 लोगों की मौत हो गई जिसकी पुष्टि उनके रिपोर्टों से की गई है वह इस मामले में जिला प्रशासन द्वारा 150 डेंगू के पेशेंट जनपद में दिखाए जा रहे हैं लेकिन हम गौर करें तो प्राइवेट अस्पतालों में हजारों से ऊपर की संख्या में डेंगू के पेशेंट में भर्ती हैं ।जिनको जिला अस्पताल में समुचित इलाज न मिलने के कारण प्राइवेट अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार की तमाम कवायदे गरीबों को निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था तार–तार होती दिखाई दे रही है। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी भू राजस्व रजनीश कुमार राय ने बताया कि आज हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया है यहां अभी तक 30



बेड का डेंगू वार्ड बनाया गया है जो कि बढ़ते मरीजों को देखते हुए नाकाफी है इसलिए महिला अस्पताल में ही बने कोविड–19 के दौरान प्रयोग किए जाने वाले 100 बेड के अस्पताल को डेंगू अस्पताल अलग से बनाने के लिए सीएमएस और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है साथ ही उन्होंने बताया कि मरीजों की संख्या को देखते हुए अस्पताल में अलग से इसकी व्यवस्था की गई है ।पूरे प्रदेश में डेंगू के मामले में जनपद जौनपुर चौथे स्थान पर है जहां सबसे ज्यादा डेंगू के पेशेंट पाए गए हैं। हालांकि इसके बारे में उनके पास कोई विस्तृत रिपोर्ट नहीं है। डेंगू से मरने वालो में आदित्य उपाध्याय निवासी रासमंडल, ईशा हॉस्पिटल में मौत, 17 अक्टूबर की रात गोलू श्रीवास्तव, चौकियां निवासी 28 साल आशादीप हॉस्पिटल राजेश श्रीवास्तव, 55 साल, जे डी मेमोरियल, मेदांता लखनऊ में मौत, पॉलीटेक्निक सुंदर नगर कॉलोनी,खारक तिराहे के पास एक मौर्य के बेटे की मौत हुई है।

## 21 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्र आचार्य जी महाराज दक्षिण पीठ नाणीज धाम रत्नागिरी महाराष्ट्र के जन्म उत्सव पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्राथमिक विद्यालय भलुआही के पास भक्त सेवा मंडल द्वारा 21 अक्टूबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है! यह जानकारी सेवा मंडल के डा0 प्रमोद मिश्र एवं जटाशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से दी है! शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण तथा दवाओं का वितरण निःशुल्क किया जाएगा! नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 चेतन पाण्डेय ने बताया कि जरूरत मंद आंख के रोगियों में निःशुल्क चस्मा का वितरण भी किया जाएगा!

## सड़क हादसे में 2 की मौत : 1 घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : के बक्सा थाना के अंतर्गत बुधवार की सुबह सड़क हादसे में 2 की मौत हो गई है। वहीं दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। ड्राइवर को झपकी आने की वजह से तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई। बक्सा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेरापुर गाँव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग ओवर ब्रिज के पास डिवाइडर से टकराकर बोलेरो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी में बैठे अंकुर राय 26निवासी अर्जुन पुर सैदपुर गाजीपुर और मोहंती52 भगवानपुर वाराणसी की मौत हो गई है। वहीं दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल प्रभाकर यादव 40अन्नेपुर पट्टी प्रतापगढ़ का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बोलेरो गाड़ी में सवार लोग लखनऊ से वाराणसी जा रहे थे। इसी बीच भोर में ड्राइवर को झपकी आ गई। झपकी की वजह से तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी होने पर मौके पर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।दो लोगो की हालत नाजुक थी जिनकी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी गई है।

## तेज आवाज वाले पटाखों पर प्रतिबंध लगाने की उठाई मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर में तेज आवाज वाले व हानिकारक पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की क्षेत्र जनों ने जिला प्रशासन से मांग की है द। लोगों का कहना है कि तेज आवाज वाले पटाखों से एक तो वातावरण प्रदूषित हो जाता है तो वहीं इसके केमिकल युक्त धुंआ जो स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालता है। इसके जहरीली धुंआ श्वास के मरीजों के लिए बहुत खघ्तरनाक साबित होता है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी बेजुबान जानवरों, पशुओं व मरीजों को होती है। तेज आवाज उनके लिए जानलेवा साबित होता है। तेज आवाज वाले पटाखों से की घटनाएं हो चुकी है। दिपावली का पावन पर्व दीपों व खुशियों का है।न कि तेज आवाज वाले पटाखों से खतरों को आमंत्रित करना है। धीरज जायसवाल, अनिल कुमार,शैलेन्द्र यादव,अर्पित शुक्ला, मनीष केसरी,हरीओम गुप्ता ,आशीष ऊमर वैश्य अमित मौर्या आदि ने जिला प्रशासन से तेज आवाज पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगावने की मांग की है।

## जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप में वाराणसी मंडल की टीम प्रथम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप में वाराणसी मंडल की टीम ने सहारनपुर मंडल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वाराणसी मंडल की टीम की तरफ से जनपद जौनपुर के उदित रामराज यादव एवं सुप्रभात यादव ने वाराणसी मंडल की तरफ से प्रतिभाग किया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया इन खिलाड़ियों का जिला कबड्डी एसोसिएशन जौनपुर के जिला सचिव रवि चन्द्र यादव के द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदी गंज मड़ियाहूं में भव्य स्वागत किया गया। दिनांक 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में जौनपुर के उदित यादव ने शानदार खेल दिखाया। स्वागत के इस अवसर पर रमेश चंद यादव, प्रधानाध्यापक नन्दलाल यादव, विजय भास्कर यादव, श्याम नारायण पाल, नरेन्द्र बहादुर, विष्णु गुप्ता, श्याम बाबू, गिरजा शंकर, रंजीत कुमार, मुन्नी देवी, रेनू यादव ,निशा सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।

## सोनी जायसवाल जेसीआई जौनपुर चेतना अध्यक्ष सचिव मीरा अग्रहरी और कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी की गई मनोनीत

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जेसीआई जौनपुर चेतना की एक आवश्यक बैठक शहर के मध्य स्थित एक प्रतिष्ठित होटल में अध्यक्ष अभिलाषा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में चुनाव अधिकारी रीता कश्यप के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से 2023 वर्ष के अध्यक्ष पद के लिए सोनी जायसवाल का नाम तथा सचिव मीरा अग्रहरि एवं कोषाध्यक्ष के लिए सरला माहेश्वरी का नाम पर सदस्यों द्वारा चर्चा करते हुए सभी पूर्व अध्यक्ष के सुझाव पर उपयुक्त नामों पर सर्वसम्मति बनी ! यशिता शर्मा के द्वारा जेसीआई आस्था पाठ के द्वारा साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ अध्यक्ष अभिलाषा श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारियों के साथ सदस्यों का स्वागत किया चुनाव अधिकारी रीता कश्यप ने सदस्यों के द्वारा 2023 के नेतृत्व का चुनाव/चयन में हिस्सेदारी की बात कही संस्थापक अध्यक्ष मेघना रस्तोगी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए 2023 में अपना पूर्ण सहयोग देने का वादा किया पूर्व अध्यक्ष नीतू गुप्ता तथा पूर्व अध्यक्ष चारू शर्मा ने संयुक्त रुप से जेसीआई संस्था के मूलभूत चीजों के बारे में संस्था के सदस्यों के साथ साथ पदाधिकारियों को भी नई जानकारी दी पूर्व अध्यक्ष कल्पना केसरवानी तथा पूर्व अध



यक्ष मधुरानी गुप्ता ने नवनिर्वाचित टीम के उत्साह को बढ़ाते हुए हर समय संस्था के हित के लिए अपना पूरा सहयोग देने के लिए कहा नवनियुक्त अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में 2023 वर्ष को संस्था के सभी सदस्यों का सहयोग लेते हुए ऐतिहासिक वर्ष बनाने की बात कही! बैठक में मुख्य रूप से डॉली गुप्ता,मंजू जायसवाल,अनीता सेठ,इंदिरा जायसवाल, शालिनी, रजनी साहू, शिल्पी जायसवाल, चमन जैन, रिंकी जायसवाल संचिता बैंकर,अनन्या अग्रहरि, राज आदि सदस्य उपस्थित रहे, साधारण सभा का सुंदर संचालन जेजे चेयरमैन जयंती श्रीवास्तव ने किया,आए हुए सभी सदस्यों का आभार नवनियुक्त अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने व्यक्त किया!

## थाना बक्सा जौनपुर पुलिस ने महिला सहित तीन वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय कुमार साहनी जौनपुर के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वारण्टी/वाँछित अभियुक्तो/अभियुक्ता की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 विवेकानन्द सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा नं–5054/17 धारा 323/504/506 के वारण्टी 1. बांकेलाल पुत्र धौताल उम्र करीब 50 वर्ष 2. रजनीश पुत्र बांके लाल उम्र करीब 21 वर्ष 3. पूनम देवी पत्नी बांकेलाल समस्त निवासीगण ग्राम गढाबाघराय थाना बक्सा जौनपुर को उसके घर ग्राम गढाबाघराय से समय 13.10 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है । गिरफ्तार वारण्टी 1. बांकेलाल पुत्र धौताल उम्र करीब 50 वर्ष ग्राम गढाबाघराय थाना बक्सा जौनपुर। 2. रजनीश पुत्र बांके लाल उम्र करीब 21 वर्ष ग्राम गढाबाघराय थाना बक्सा जौनपुर। 3. पूनम देवी पत्नी बांकेलाल उम्र करीब 47 वर्ष ग्राम गढाबाघराय थाना बक्सा



जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री विवेकानन्द सिंह चौकी प्रभारी धनियामऊ थाना बक्सा,जौनपुर। 3. का0 उत्तम प्रसाद, का0 रामबाबू ,म0का0 सीमा गौड़ थाना बक्सा, जनपद जौनपुर।

## थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा 1 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मछलीशहर पुलिस के उ0नि0 श्री सैय्यद हसन जाफर रिजवी मय हे0का0 वेद प्रकाश यादव के मा0 न्याया0 द्वारा जारी गैर जमानतीय वारण्ट सम्बन्धित मु0नं0 391/2020 धारा 323, 504 IPC में वांछित वारण्टी शिवशंकर पटेल पुत्र राजाराम पटेल निवासी ग्राम नत्थूपुर थाना मछलीशहर जिला जौनपुर उम्र करीब 35 वर्ष को आज ग्राम नत्थूपुर से गिरफ्तार किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही वारण्टी को मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है । गिरफ्तार वारण्टी– शिवशंकर पटेल पुत्र राजाराम पटेल निवासी ग्राम नत्थूपुर थाना मछलीशहर जिला जौनपुर।



# दीपावली पर्व में नकली मावा व्यवसायियों पर गोपनीय नजर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दीपावली के त्यौहार को लेकर राम नगरी अयोध्या में भी नकली मावा व्यवसायियों पर नकेल कसने के लिए अब फूड विभाग इंटेलिजेंस की तर्ज पर कार्य करेगा। वही बाहर से आने वाले नकली मावा ऊपर रोक लगाए जाने के साथ ही मार्केट में बिक रहे मिठाइयों को लेकर भी जागरूकता तेज कर दी है।इसको लेकर जनपद में 17 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग का दावा है कि जनपद में नकली मावा बनाने वाले नहीं है लेकिन बाहर से इस प्रकार के आने वाले पदार्थों को अब जनपद में भी प्रवेश नहीं मिलने पाएगा इसके लिए अब इंटेलिजेंस के तहत कारवाई की जाएगी। वही नकली मावा बनाने वाले पर कारवाई मानिकचंद्र सिंह फूड अधिकारी अयोध्या ने कहा कि हमारे यहां नकली मावा में ज्यादा से ज्यादा मिलावट जो लोग करते हैं व आलू व अन्य पदार्थ को मिक्स कर देते हैं लेकिन अभी तक ऐसा कोई सपोर्ट अयोध्या में दिखाई नहीं दिया है क्योंकि यहां पर दूध की प्रोडक्शन नहीं है लेकिन बाहर से जो माल आते हैं उसमें मिलावट की संदेह रहता है इसलिए कुछ ऐसे चेकप्वाइंट पर टीम को लगा दिया गया है। वह जो है सूचना दें कि उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी और मिलावटी खोवा व अन्य समाधि मिलता है तो उसे तत्काल गड्ढा खोदकर वहीं पर नष्ट कराया जाता है।वहीं मिलावटी मिठाई वालो पर कारवाई को लेकर बताया कि हमारे लोगों के द्वारा अधिक से अधिक कहा जाता है कि खोए से बनी मिठाइयों का कम प्रयोग करें फिर भी सभी मिठाई की दुकानें हैं उस पर शैपुलिंग कराई जाएगी। और देखा जाएगा कि अगर कोई मिलावट करता हुआ पाया जाएगा या ऐसी ऐसी चीजें पाई जाएंगी उन पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।जागरूकता फैलाने संबंध में कहा कि पर्व को देखते हुए उपभोक्ता सावधान रहें और जैसे की मिठाइयों में बर्फी हुई जिसमें लोगों के द्वारा एलमुनियम का फाइल लगा दिया जाता है जबकि वह अलायु नहीं किया गया है। उसे हल्का सर्फक करने पर ही टूट जाता है तो सही मानी जाती है यह कुछ बेसिक नुक्से हैं जो हमारे विं गांव गांव तक जागरुक कर रहे हैं। तो वहीं मिलावटी मिठाई से कैसे बचे इसलिए बहुलता में जो मिठाई आ रही हूं जैसे कि इस समय खोए की मात्रा अधिक रहती है तो उन मिठाइयों को लोगों को उपयोग नहीं करना चाहिए और इसी आधार पर मिलावटी मिठाइयों से बचा जा सकता है। और कैसे जाने कि मिठाई में मिलावट है कहा कि कुछ खोए की मिठाइयां तो पहचान में सभी को आ जाता है कि कौन सी ड्राई मिठाई है और कौन सी खोए से बनी हुई है और खोए की मिठाइयों को खरीदने से परहेज करें सबसे बड़ा उपाय यही है।जिले में मिलावट को लेकर पिछले एक महीने में हुई कारवाई का डाटा ईश्वर जो भी कार्रवाई कराई गई है उसमें दूध पर 105 दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें 13 सैंपल कलेक्ट किए गए हैं जबकि जो पिछली रिपोर्ट आई है उसमें 84 नमूने में से 66 नमूने फेल हुए हैं। ऐसे लोगों पर मुकदमा सैंक्शन कर दिया गया है जो अपर जिलाधिकारी नगर की कोर्ट में चल रहा है।ऐसे लोगों पर पेनाल्टी की लगाई जाएगी।तो वहीं खोए पर अब तक इस वर्ष 6 निरीक्षण कराया गया है। जिसमें तीन स्थानों पर रेड डाला गया था इसके साथ कुल 30 नमूने की रिपोर्ट आई थी जिसमें 27 खेल पाए गए हैं इन लोगों पर भी मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। तो वही मार्केट में पनीर को भी चेक किया गया है जिसमें 124 दुकानें हमारे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा अपने तहसील स्तर पर चेक किया है जिसमें 11 नमूने रेड के द्वारा डलवाए थे उन नमूनों में 6 की रिपोर्ट से फेल आई हुई है। उसी प्रकार से मिठाइयों की दुकान पर भी चेकिंग कर आ गया है जिसमें 6 स्थानों पर रेड डाला गया था। जिसकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है तो बाकी दूध प्रोडक्ट पर 125 स्थानों पर निरीक्षण किए गए हैं जिसमें 11 नमूने लिए गए हैं जिसमें आए दो रिपोर्ट फेल है।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने छापामार मौके से 29 क्विंटल मिठाई किया जब्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दीपावली पर मोटे मुनाफे के लिए बिना लाइसेंस बाईपास स्थित भगवती नगर मे एक गोदाम में मिठाई का कारखाना चलाया जा रहा था। नुकसानदेह केमिकल सेफोलाइट, साइट्रिक एसिड, ग्लूकोज सिरप और सूजी से मिठाई बनाई जा रही थी। केमिकल समेत निर्मित मिठाइयों के कुल छह सैम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए गए हैं। शहर के नारायण ट्रेडर्स को होलसेल एंड रिटेल कारोबार का लाइसेंस मिला था। कारोबार के लिए उसने अपना गोदाम कौशलपुरी कॉलोनी के निकट भगवती नगर में बनाया है। इसी कारोबार की आड़ में दीपावली पर्व पर वह गोदाम में मिठाई बनाने का कारखाना चला रहा था। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद सिंह के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा।मौके पर केमिकल और मिल्क पाउडर (स्किम्ड मिल्क), रिफाइंड, सूजी, ग्लूकोज सिरप से मिल्क केक तथा अन्य मिठाइयां तैयार हो रही थी। टीम ने मिष्ठान निर्माण का लाइसेंस मांगा तो मौके पर मौजूद कर्मी तथा प्रबंधक बगले झांकने लगे। इसके बाद टीम ने केमिकल और निर्मित मिठाइयों के तीन–तीन कुल 6 नमूने संकलित किए तथा लगभग तीन लाख कीमत की निर्मित 29 कुंटल मिठाई को जप्त कर लिया। इस सम्बन्ध में मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश कुमार का कहना है कि नारायण ट्रेडर्स के भगवती नगर स्थित गोदाम में बिना लाइसेंस केमिकल की मदद से मिठाई बनाने का कारखाना संचालित किया जा रहा था। निर्मित मिठाइयों की जनपद के साथ आसपास के जनपदों में सप्लाई हो रही थी। 29 क्विंटल मिठाई जब्त की है। 6 नमूने जांच के लिए भेजे हैं। बिना लाइसेंस मिष्ठान निर्माण के मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# अयोध्या दीपोत्सव से पूर्व कामाख्या धाम पर होगा भव्य दीपोत्सव

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) राम नगरी अयोध्या में जहां एक तरफ भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है,तो वहीं दूसरी तरफ अयोध्या में कई महत्वपूर्ण स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी जोरों पर चल रही है। जिले के रुदौली विधानसभा के दक्षिणी छोर गोमती तट पर स्थित सिद्धपीठ मां कामाख्या धाम का विकास में आई गति।भाजपा विधायक रामचंद्र यादव के अथक प्रयास से कामाख्या धाम पर्यटन स्थल पहले ही घोषित हो चुका है।अब इस मंदिर के पुनर्निर्माण का काम भी जल्द शुरू करने की तैयारी चल रही है। यह घोषणा मंगलवार को विधायक यादव ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही है।इस संबंध मे विधायक ने बताया कि जो मंदिर का मॉडल उन्होंने तैयार कराया है।वो सरकार को भेज दिया गया है।विधायक ने कहा कि माँ कामाख्या मंदिर धाम के भव्य पुनर्निर्माण के लिए 24 करोड़ की लागत से 13.80 हेक्टेयर की भूमि में मंदिर व नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत मेधा ऋषि आश्रम के सौंदर्यीकरण के लिए 11 करोड़ की लागत से 10 हेक्टेयर की वन भूमि व 10 हेक्टेयर की ग्रामसभा की भूमि पर सौंदर्यीकरण का खाका शासन को भेजा दिया गया है। जिसमें इको गार्डन, वन्य अभ्यारण व सरोवर आदि प्रस्तावित है।सुदूर के श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भी व्यवस्था कराई जाएगी। पार्क और रास्ते का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का सृजन होने से मां कमाख्या धाम का और भी तेजी से विकास हो सकेगा। इससे पहले उन्होंने कामाख्या घाट को 51 हजार दीपों से जगमग करने की तैयारी की बैठक की। हफ्ते भर से यहां साफ–सफाई का काम चल रहा है।विधायक ने अफसरों संग घाट व मंदिर परिसर का निरीक्षण कर जायजा लिया मंगलवार को उन्होंने विद्युत, पुलिस, राजस्व, वन, विकास विभाग के अफसरों संग मां कामाख्या धाम स्थित सर्किट हाउस में की। इस दौरान उन्होंने आगामी 22 अक्तूबर को कामाख्या घाट पर आयोजित होने दीपोत्सव को भव्य बनाने में तेजी से जुटने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार प्रज्ञा सिंह, बीडीओ अखिलेश गुप्त, रशेष गुप्त, थानाध्यक्ष मनोज यादव, कार्यवाहक रेंजर वीरेंद्र तिवारी, डा.रविकांत वर्मा,प्रवेश पांडेय सचिन कसौधन, करिया शुक्ल, राकेश तिवारी, वीरेंद्र शर्मा,श्रवण दुबे, राजकिशोर सिंह आदि मौजूद रहे।

# महाराजगंज व पूराकलंदर थाना क्षेत्र से भूसे के ढेर में मिले दो लाख रुपये : हथियार भी हुये बरामद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बार फिर अयोध्या में डेरा डाला है।इस बार वह किशोर भी दिल्ली पुलिस के साथ यहां पहुंचा है, जिसका नाम सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड एवं मोहाली में इंटेलीजेंस कार्यालय पर राकेट लांचर से हुए हमले से जुड़ा है। पुलिस कस्टडी रिमांड पर किशोर को लेकर पहुंची स्पेशल सेल ने पूराकलंदर एवं महराजगंज थाना क्षेत्र के दो गांवों में छानबीन की है। टीम ने किशोर के घर में भूसे के ढेर से दो लाख रुपये बरामद किए हैं। ये रुपये मूसेवाला की हत्या के लिए दी गई सुपारी से संबंधित बताए गए हैं। पूराबाजार में नहर के पास भूमि में दबा कर रखे गए हथियार भी मिले हैं। मालूम हो कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या 29 मई को पंजाब के मानसा जिले में उनके घर से कुछ दूर पर कर दी गई थी। एनआइए की जांच में बिश्नोई गैंग के तार रामनगरी से जुड़े मिले थे। जांच एजेंसी को सूचना मिली थी कि लारेंस बिश्नोई का भतीजा सचिन बिश्नोई और मूसेवाला हत्याकांड के आरोपित यहां पर रुके हुए हैं, जिसके बाद एनआइए, दिल्ली एवं पंजाब पुलिस ने यहां कई दिनों तक कैंप किया था। इसी कार्रवाई के दौरान किशोर का नाम प्रकाश में आया था। आशंका जताई जा रही थी कि यह गैंग गत विधानसभा चुनाव में यहां किसी बड़ी वारदात की फिराक में था।रामनगरी अयोध्या में हुई पड़ताल के बाद नेपाल बार्डर से कपिल पंडित की गिरफ्तारी हुई,जिसके बाद किशोर को भी गिरफ्तार किया गया।करीब दस दिन पहले किशोर को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया है।इस संबंध में थाना प्रभारी पूराकलंदर राजेश सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस की टीम अपचारी को लेकर यहां आई थी। उसने नकदी एवं असलाह बरामद कराया है।

# हिंदू महासभा अध्यक्ष राकेश दत्त हुए हाउस अरेस्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक जनपद अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



के अयोध्या आगमन को लेकर एडवोकेट व हिन्दू महासभा के अध्यक्ष राकेश दत्त मिश्रा को जिला प्रशासन ने हाउस अरेस्ट किया।हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान के समर्थन में हिंदू महासभा और जय बजरंग सेना के द्वारा आज बुधवार को अयोध्या में निकलने वाली पदयात्रा को रोकने के लिए अयोध्या जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के आयोजक उत्तर प्रदेश मंत्री राकेश दत्त मिश्र को उनके आवास पर नजर बंद किया गया।

## छात्राओं को जूड़ा बांधना अनिवार्य : वालंटियर्स को सेल्फी लेने पर रोक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दीपोत्सव में दीप जलाने वाले वालंटियर्स को सोमवार को अविवि के स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रशिक्षित किया गया।वही वालंटियर्स को बताया गया कि पहचान पत्र को व्हाटसअप व फेसबुक पर शेयर करना प्रतिबंधित है।दीप जलाने के दौरान सभी वालंटियर्स को सूती परिधान पहनने होंगे और छात्राएं बालों का जूड़ा बनाकर ही रहेंगी। जिससे उन्हें दीप जलाने में कोई असुविधा न हो।दीपोत्सव में वालंटियर्स को सेल्फी लेने व अनावश्यक फोटोग्राफी करने पर रोक लगाई गई।इस संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने वालंटियर्स से कहा कि अनुशासन में रहकर सभी वालंटियर्स अपने घाटों पर दीए बिछाने व जलाने पर ध्यान देंगे। कहा कि एक बार फिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में रिकार्ड नाम दर्ज करके विश्वविद्यालय व प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने में कामयाब होंगे।इस संबंध में एसपी ग्रामीण अयोध्या अतुल सोनकर ने कहा कि दीपोत्सव में बिना पहचान पत्र के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके दुरूपयोग होने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि राम की पैड़ी पर दीपोत्सव में शामिल वालंटियर्स के अलावा अन्य लोगों का प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।सभी घाटों की निगरानी सीसीटीवी व ड्रोन से की जाएगी। वालंटियर्स को जो घाट दीए बिछाने व जलाने के लिए आवंटित है, उसी स्थल पर रहकर कार्य करना होगा। अन्य घाटों पर आवाजाही बंद रहेगी।वही अयोध्या सीओ डॉ. राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि दीपोत्सव पहचान पत्र को अन्य के साथ शेअर न करें। दीपोत्सव स्थल एवं पहचान पत्र सिक्योरिटी फीचर्स से लैस है। किसी अन्य के द्वारा दुरूपयोग करते हुए पाए जाने पर दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। वालंटियर्स को सेल्फी लेने व अनावश्यक फोटोग्राफी से बचना होगा। छात्राओं के लिए जूड़ा बांधना अनिवार्य है।इससे अप्रिय घटना से बचा जा सकता है।दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि वालंटियर्स को दीपोत्सव पहचान पत्र के साथ घाट पर जाना होगा। पहचान पत्र को व्हाटसअप व फेसबुक पर शेयर करना प्रतिबंधित है। ऐसा करने पर प्रवेश कार्ड निरस्त कर दिया जायेगा। सभी को सूती परिधान में उपस्थित रहना होगा। छात्राएं दीपोत्सव के दिन बालों का जुड़ा बनाकर रहेंगी। दीपोत्सव के दिन आपातकालीन टीम का गठन किया गया है। किसी भी घाट पर सामग्री घटने पर इनके द्वारा शीघ्र पहुंचाया जाएगा।

## कक्षा चार के छात्र से अप्राकृतिक दुष्कर्म के दोषी को स्पेशल कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष के कठोर कारावास व 21 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या रेंज अयोध्या के सुलतानपुर जिले में बिस्कुट और टॉफी खिलाने के बहाने 10 वर्षीय किशोर को बहलाकर साथ ले जाने एवं उससे अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के मामले में स्पेशल जज पाक्सो एक्ट पवन कुमार शर्मा की अदालत ने आरोपी सरफराज उर्फ राजा को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।मालूम हो कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र स्थित फतेपुर गांव के रहने वाले आरोपी सरफराज उर्फ राजा के खिलाफ इसी थाना क्षेत्र की रहने वाले पीड़ित किशोर के पिता ने स्थानीय थाने पर 15 सितम्बर 2020 की घटना बताते हुए मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक घटना के दिन इसी थाना क्षेत्र अंतर्गत वादी मुकदमा निर्माण कार्य करवा रहा था,जहां गिट्टी ढुलाई का कार्य चल रहा था। आरोप के मुताबिक पीड़ित 10 वर्षीय किशोर की माता–पिता गिट्टी ढोते–ढोते थक गये थे,जिसके बाद किशोर की मां आराम करने चली गयी और उसके पिता समर्सिबल का स्टार्टर लाने चले गये। इसी दौरान किशोर खेलते–खेलते रास्ते की ओर चला गया,जहां उसे अकेला देखकर आरोपी सरफराज बिस्कुट व टॉफी खिलाने के बहाने बहलाकर उसे साथ लेकर चला गया। जहां सरफराज ने किशोर के लिए बिस्कुट–टॉफी खरीदा भी,लेकिन उसी के बाद आरोपी सरफराज किशोर से साथ मे शौच के लिए चलने की बात कहने लगा। लेकिन सरफराज की बात किशोर ने नहीं मानी और कहा तुम शौच करके आओ मैं खेत के बाहर खड़ा हूँ। यह बात सुनकर सरफराज अकेले चला तो गया लेकिन खेत मे घुसने के बाद झाड़ियों के बीच से पीछे से आकर पीड़ित किशोर का मुंह दबाकर उठा ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। आरोपी सरफराज ने यह बात किसी से बताने पर किशोर को जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल किशोर अपने साथ हो रहे अपराध को बर्दाश्त नहीं कर सका और चिल्लाने लगा,जिसके चिल्लाने की आवाज सुनकर आस–पास मौजूद लोग व किशोर के माता–पिता भी घटना स्थल पर पहुँच गये। मामले में आरोपी के अनुचित प्रभाव में घटना की सूचना मिलने के कई घण्टो बाद तक पुलिस के जरिये मुकदमा दर्ज करने में टाल–मटोल किया गया और किसी तरह मामला सलटाने का भी प्रयास किया गया,लेकिन तब भी बात नहीं बनी तो घटना के तीसरे दिन एफआईआर दर्ज हो सकी।वही इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की। मुकदमे की तफ्तीश पूरी कर विवेचक राघवेंद्र प्रताप यादव ने आरोपी सरफराज उर्फ राजा के खिलाफ अप्राकृतिक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट सहित अन्य आरोपो में चार्जशीट दाखिल की। इस मामले का विचारण स्पेशल जज पाक्सो एक्ट की अदालत में चला। इस दौरान विशेष लोक अभियोजक रमेशचन्द्र सिंह ने अभियोजन पक्ष से पांच गवाहो व अपने तर्को को प्रस्तुत करते हुए आरोपी को दोषी ठहराकर इस घिनौनी वारदात के लिए कड़ी से कड़ी सजा से दंडित किए जाने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष ने आरोपी सरफराज को निर्दोष व सरकारी अस्पताल से हुए पीड़ित के मेडिकल रिपोर्ट को गलत साबित करने के लिए सुलतानपुर शहर स्थित सुरम्या हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ सुधाकर सिंह को कोर्ट में पेश किया,ताकि सरकारी अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट गलत साबित हो सके और यह साबित हो सके कि पीड़ित किशोर की स्थिति घटना के बाद भी सामान्य थी और जिस बीमारी के इलाज के लिए वह उनके हॉस्पिटल में भर्ती था उसकी वजह अप्राकृतिक दुष्कर्म नहीं थी। डॉ सुधाकर सिंह ने कोर्ट में पेश होकर आरोपी के बचाव में गवाही भी दी लेकिन विशेष लोक अभियोजक रमेशचन्द्र सिंह के जरिये की गई जिरह में यह सामने आया कि घटना से सम्बंधित किशोर एवं डॉ सुधाकर सिंह के यहां भर्ती मरीज का नाम तो एक ही था,लेकिन उनके अस्पताल से दाखिल अभिलेखों में मरीज के पिता का नाम व पता नहीं लिखा था, इसके अलावा अन्य तथ्य भी सटीक नहीं बैठ रहे थे ,जिसकी वजह से कोर्ट ने उसे विश्वनीय नहीं माना और आरोपी को कोई लाभ नहीं मिल सका। उभय पक्षों को सुनने के पश्चात स्पेशल जज पवन कुमार शर्मा की अदालत ने आरोपी सरफराज को दोषी करार देते हुए उसके जरिये एक किशोर के साथ इस तरीके के घिनौने अपराध को करने की सोच को समाज के लिए घातक मानते हुए उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस मामले में कोर्ट की सक्रियता से पीड़ित पक्ष को घटना से करीब दो वर्ष के भीतर ही न्याय मिल गया,जिससे अन्य पीड़ित परिवारों में भी शीघ्र न्याय मिलने की उम्मीद कायम है। फिलहाल इस बात का अफसोस है कि किशोरों की इज्जत से खेलने वाले ऐसे अपराधियों की गन्दी सोच की वजह से जिस बच्चे के हंसने–खेलने व स्कूल जाने के दिन थे,उसे इतनी कम उम्र में ही बेवजह ऐसे कठिनाई भरे दौर से गुजरना पड़ा।

# पीजी में दाखिले के लिए पंजीकरण शुरू : 26 अक्तूबर तक प्रेफरेंस एंट्री

वाराणसी ब्यूरो : बीएचयू में सत्र 2022–23 में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की तिथि घोषित कर दी गई है। अभ्यर्थी 25 अक्तूबर तक पंजीकरण करा सकेंगे। उन्हें 26 अक्तूबर तक प्रेफरेंस एंट्री का भी मौका मिलेगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से प्रवेश परीक्षा कराने के बाद परिणाम निकल गया है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा दी है, वह अपनी रुचि के पाठ्यक्रम के लिए पीईटी बुलेटिन 2022 में दी गई जानकारी प्राप्त सकते हैं। प्रवेश की प्रक्रिया अभ्यर्थियों के पंजीकरण के आधार पर ही आगे बढ़ेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अभ्यर्थियों को तय समय में पंजीकरण करने और पोर्टल देखते रहने की अपील भी दी गई है।

# एसपी सिटी व सीएफओ के मुताबिक गुलाबबाड़ी और जीआईसी के मैदान पर 22 से 24 तक लगेगा पटाखा बाजार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जैसे जैसे दीपावली पर्व समीप आ रहा है वैसे वैसे जिला व पुलिस प्रशासन चौकन्ना हो गया है। इस संबंध मे एसपी सिटी अयोध्या मधुबन कुमार सिंह व मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने संयुक्त रूप से बताया कि दीपावली पर्व पर इस बार रात 10 बजे तक ही लोग पटाखे जला सकेंगे। इसके साथ ही साथ प्रतिबंधित तेज आवाज वाले बम, चीन निर्मित पटाखों का प्रयोग वर्जित रहेगा।लोग सिर्फ ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग कर सकेंगे।कुल मिलाकर ग्रीन दीपावली मना सकते हैं।वही इसके साथ साथ इसके लिए अग्निशमन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है।वही आतिशबाजी की दुकान लगाने वालों को लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू है।इस बार शहर में गुलाबबाड़ी व जीआईसी के मैदान पर अस्थायी पटाखों की दुकानें 22 से 24 अक्तूबर तक लगेंगी। इसके अतिरिक्त अन्य किसी जगह पर पटाखे बेचने पर पूरी तरह से रोक लगी है।इन दोनों अधिकारियों ने बताया कि जिले में वर्ष 1992 से स्थाई लाइसेंस देने की प्रक्रिया पर रोक लगी हुई है।ऐसे में कोई बिना अनुमति घरों या अन्य जगह पटाखों का भंडारण करेगा या बेचता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के आदेशानुसार रात 10 बजे तक ही आतिशबाजी की जा सकती है। दीपावली पर 22 से 24 अक्टूबर तक आतिशबाजी की दुकानों को अस्थाई लाइसेंस दिया जाएगा।शहर में गुलाबबाड़ी व राजकीय इंटर कालेज के मैदान पर दुकानें लगेंगी।सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में अस्थाई लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अब तक करीब 45 आवेदन आ चुके हैं। वही अग्निशमन विभाग के द्वारा तय किये मानकों को पूरा करने वाले दुकानदार को ही दुकानें लगाने की अनुमति दी जाएगी।

# थाना मड़ियाहूँ पुलिस ने वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ श्री अशोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्र.नि. ओम नारायण सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 19.10.2022 को थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा मु.अ.सं. 229/2022 धारा 323, 504, 506, 427, 452, 352, 376 IPC थाना मड़ियाहूँ, जौनपुर में वांछित 02 अभियुक्त को उनके घर के पास से समय करीब 11.45 बजे गिरफ्तार कर लिया लिया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. रविन्द्र मौर्य पुत्र जवाहिर लाल नि0 कोइरान (पाली)थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर। 2. श्यामराज मौर्य पुत्र रामदुलार नि0 कोइरान (पाली)थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी



करने वाली पुलिस टीमः– 1. प्र.नि. ओम नारायण सिंह थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 2. उ.नि. सन्तराम यादव थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 3. हे.का. राकेश राय, हे.का. धर्मपाल, हे.का. दिलीप पाण्डेय, का. भानुप्रताप यादव, का. सूर्य कुमार थाना मडियाहूँ, जौनपुर।

## शोक – समाचार

**बड़े दुःख** के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे बड़े पुत्र सुनील श्रीवास्तव का असामयिक निधन 7 अक्टूबर 2022 दिन शुक्रवार को हो गया था।उनकी आत्मा की शांति के लिये 20 अक्टूबर 2022 दिन गुरुवार को शांति भोज का आयोजन किया गया है। ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दें।



**शोकाकुल परिवार**
राजेश श्रीवास्तव
(ब्यूरो चीफ)
डीकेयू/एनबीसी चैनल
अयोध्या 9454331471
पवन कुमार, अरविंद कान्त, रत्नेश कान्त,शशांक, शुभांश, वैभव, रिदम, अर्पित,अर्नव व समस्त चित्रांश परिवार

श्याम चंद्र लाल
ग्राम – चौबेपुर जाना बाजार
पोस्ट – खपराडीह
जिला – अयोध्या
मोबाइल – 8765491250

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।